## महत्वपूर्ण एवं खास

### चोरी करने घूम रहे चोर ही हत्या,आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** जिले के तिल्दा में गत 19 अप्रेल को मिली लाश के मामले में पुलिस ने हत्या के आरोपी को गिर$फतार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार 19 अप्रैल को सुबह एक व्यक्ति का शव बाजार पारा तिल्दा में मिला। जिसकी सूचना पर थाना तिल्दा नेवरा में धारा 174 जा फ ौ. के तहत मर्ग कायम कर पचनामा कार्यवाही कर पोस्टमार्टम कराया गया था। मृतक के शरीर में संदेहास्पद चोट होने से पोस्टमार्टम रिपोर्ट को क्यूरी कराया गया। जिसमे डॉक्टर द्वारा मृतक के शरीर में गंभीर प्रकृति की चोट होना पाया गया। जिसके बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया था। मामले की जांच के दौरान घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगो से पूछताछ कर कथन लिया गया। जिसमें पता चला कि 18 अप्रैल की रात्रि करीबन 01 बजे मोहल्ले का नवीन विश्वकर्मा अपने घर के सामने गली में मृतक दीपक यादव को मोहल्ले में चोरी करने के लिए आया है कहकर उसके साथ विवाद कर रहा था। जिसे लेकर दोनों आपस में लड़ाई कर रहे थे। जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने संदेही नवीन विश्वकर्मा को पकडक़र सख्ती से पुछताछ की तो नवीन ने हत्या करना स्वीकार कर लिया तथा पुलिस को बताया कि मृतक दीपक मोहल्ले में चोरी करने आया हुआ था। जिसे लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ और उसने दीपक की हत्या कर दी। आरोपी के कबुलनामे के बाद पुलिस ने आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर उस पर हत्या कर मामला दर्ज किया है।

### रायगढ़ में फोटोग्राफी वीडियोग्राफी का निःशुल्क प्रशिक्षण सोमवार 29 अप्रैल से

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** रायगढ़ एवं सारंगढ़ -बिलाईगढ़ जिले के निवासियों के लिए फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी 30 दिवसीय प्रशिक्षण रायगढ़ में सोमवार 29 अप्रैल से प्रारंभ होगा। प्रशिक्षण के दौरान रहना,खाना एवं सीखना पूर्णतः निःशुल्क हैं। वाट्सअप नंबर 7974942078, 8656919787,7999984982 में इच्छुक प्रशिक्षण के लिए पंजीयन करा सकते हैं। इस प्रशिक्षण के लिये रायगढ़ एवं सारंगढ़ -बिलाईगढ़ जिले के ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार के शिक्षित बेरोजगार युवक, युवती एवं महिला, पुरुष को प्रशिक्षण दिया जाना हैं। प्रशिक्षण के लिये 35-35 सीट निर्धारित हैं। प्रशिक्षण में भाग लेने के लिये उम्र 18 वर्ष से 45 वर्ष एवं कम से कम 08 वीं पास और 12वी पास होना अनिवार्य हैं। प्रशिक्षणार्थी अपने साथ अंकसूची, आधार कार्ड, गरीबी रेखा राशन कार्ड, रोजगार गारंटी जॉब कार्ड,बैंक पासबुक एवं 05 रंगीन पासपोर्ट साईज का फोटो लेकर भारतीय स्टेट बैंक गामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान टी.वी. टॉवर रोड़ क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केन्द्र के पीछे छोटे अतरमुड़ा रायगढ़ में भी पंजीयन करा सकते हैं।

### गांजा के साथ दो युवक पकड़ाए

**रायपुर (आरएनएस)।** गुढिय़ारी पुलिस ने रामनगर कोटा में दबिश देकर दो युवकों के पास से 12 किलो 100 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पुलिस के टीम ने रामनगर कोटा मेन रोड में दबिश देकर आरोपी मनहरण चतुर्वेदी 27 वर्ष और लक्की चंद्राकर 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से एक बैग में 12 किलो 100 ग्राम गांजा और नकदी रकम 410 रुपए जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 1 लाख 21 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# कलेक्टर धर्मेश साहू ने ली राजनीतिक दलों के साथ बैठक

**सारंगढ़-बिलाईगढ़**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन के संबंध में राजनीतिक दलों के साथ बैठक ली। बैठक में सहायक रिटर्निंग अधिकारी वासु जैन, डॉ स्निग्धा तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिकेत साहू, डिप्टी कलेक्टर वर्षा बंसल, एएसपी कमलेश्वर चंदेल सहित जिले के राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

**बैठक में कलेक्टर ने कहा कि-** बीएलओ के माध्यम से मतदाता पर्ची की वितरण किया जा रहा है। साथ ही वोटिंग पर्ची के दौरान कितने मतदाता अनुपस्थित है, इसका भी सर्वे किया जा रहा है। इस सर्वे करने से निर्वाचन कार्य में फर्जी मतदाताओं का पहचान किया जा सकता है और उनके विरुद्ध कार्यवाही किया जाएगा।

विगत दिनों बिलाईगढ़ क्षेत्र के नगर पंचायत में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 15 हजार पलायन किए गए बिलाईगढ़ विधानसभा के मतदाताओं को वीडियो कॉल के माध्यम से आमंत्रण दिया गया कि वह 7 मई को अपने गांव या शहर में आकर राष्ट्र निर्माण में अपना मतदान के अधिकार का उपयोग करें।



कलेक्टर धर्मेश साहू ने बताया कि मतदान के दिन सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान किया जाएगा। मतदान की शुरुआत होने के डेढ़ घंटे पहले वोटिंग मशीन का मॉक टेस्ट (ट्रायल, क्षद्म मतदान) किया जाएगा। इस दौरान कम से कम 50 पर्ची मतदान का टेस्ट किया जाएगा। मॉकपोल के लिए राजनीतिक पार्टी एवं उनके प्रतिनिधियों का 15 मिनट का इंतजार किया जाएगा। यदि कोई प्रतिनिधि नहीं आते हैं तो नियम अनुसार किया जाएगा। रायगढ़ लोकसभा में एक बैलेट यूनिट का उपयोग किया जाएगा जांजगीर चांपा लोकसभा सीट अंतर्गत बिलाईगढ़ क्षेत्र में उम्मीदवारों की संख्या 18 है। इसलिए एक यूनिट से 18 की संख्या कर संभव नहीं हो पाएगा। इसलिए दो बैलेट यूनिट का उपयोग किया जाएगा।

**कलेक्टर धर्मेश साहू ने ईवीएम मशीनों के बारे में समझाया-** कलेक्टर ने कहा कि सभी वोटिंग मशीनों को कलेक्टर के खाता के अधीन वेयर हाउस में रखा जाता है। वहां से विधानसभावार स्ट्रांग रूम में भंडार किया जाता है। जिले में ईवीएम मशीन की कमी की पूर्ति गौरेला पेंड्रा जिले से की गई है। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों का सबसे पहले जांच(एफएलसी) की जाती है। क्रियाशील को चयन करके अलग रखा जाता है। इसके बाद कमिश्निंग अंतर्गत जितने उम्मीदवार है, उनके चुनाव चिन्ह को मशीन में दर्ज किया जाता है। सारंगढ़ विधानसभा अंतर्गत 26, 27 और 28 अप्रैल को किया जा रहा है और बिलाईगढ़ विधानसभा अंतर्गत 29 और 30 अप्रैल 2024 को और 1 मई 2024 को किया जाएगा। बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बलौदा बाजार जिले के कसडोल क्षेत्र में आने वाले मतदान केंद्रों के लिए ईवीएम मशीनों को बलौदाबाजार को दिया जाएगा और वोट के बाद उसको वहां से यहां के स्ट्रांग रूम में लाया जाएगा। कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम सारंगढ़ के ताला जब-जब खोला और बंद किया जाये, उस समय स्थानीय प्रतिनिधियों को उपस्थित रहने के लिए कहा।

धर्मेश साहू ने जानकारी दी कि लोकसभा उम्मीदवार के बैंक खाता का हिसाब, एक उनके शैडो रजिस्टर और व्यय प्रेक्षक कार्यालय के रजिस्टर से मिलान कर लोकसभा चुनाव के दौरान किए गए खर्च का हिसाब किया जाएगा। एमसीएमसी के द्वारा पैड न्यूज के मामले में रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय से नोटिस उम्मीदवार को जाएगा। नोटिस में कैंडिडेट का जवाब संतोषजनक नहीं होने पर यह खर्च उनके व्यय खाता में जोड़ दिया जाएगा। वर्तमान लोकसभा चुनाव में एक उम्मीदवार को 95 लाख रुपए खर्च करने की पात्रता है।

पैड न्यूज के मामले में जिला स्तरीय समिति एमसीएमसी के फैसले से उम्मीदवार संतुष्ट नहीं होने पर उसके खिलाफ राज्य स्तरीय एमसीएमसी में अपील कर सकता है और इसी प्रकार राज्य स्तरीय सीएससी में संतुष्ट नहीं होने पर राष्ट्रीय एमसीएमसी समिति के समक्ष अपना अपील कर सकता है। जिले के 85 वर्ष आयु के वृद्धजन और दिव्यांग को उनके घर पर वोट करने की सुविधा 1 मई को दी जाएगी इस प्रकार 1 मई के दिन छूटे हुए मतदाताओं को पुनः 3 मई में वोट करने की घर बैठे सुविधा दी जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि किसी भी पंपलेट में प्रकाशक, मुद्रक का नाम और संख्या नहीं होने पर वह सामग्री निर्वाचन नियमों का उल्लंघन है, जिसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले में कई जांच दल कार्य कर रही हैं। हेल्पलाइन 1950, सी विजिल आदि के माध्यम से निर्वाचन गतिविधियों और उल्लंघन का मॉनिटरिंग और कार्यवाही किया जा रहा है।

# कोचिंग जाने निकले छात्र की बस के चपेट में आकर मौत

**❒ एक दिन पहले मोरगा में गई थी दो लोगों की जान**

**कोरबा** | आरएनएस

कोचिंग जाने निकले एक्टिवा सवार एक छात्र बस के नीचे आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना शहर के अंदर निहारिका क्षेत्र में हुई। दुर्घटनाकारी बस बाराती लेने रजगामार की ओर जा रहा था। डिवाइडर के बीच के रास्ते सडक़ पार करने के प्रयास के दौरान बस के सामने छात्र आ गया।



पुलिस सूत्रों के अनुसार महाराणा प्रताप नगर निवासी विद्यार्थी अंकित पांडेय 17 वर्ष एक्टिवा क्रमांक सीजी 12 के 8066 में शुक्रवार को सुबह 10.30 बजे कोचिंग जाने के लिए घर से निकला था। कालोनी से होकर निहारिका क्षेत्र में रवि डेयरी के पास डिवाइडर वाले रास्ते से सडक़ पार कर रहा था, इस बीच ट्रांसपोर्ट नगर बस स्टैंड से रजगामार की ओर जा रही हनुमान कंपनी की बस बाराती लेने जा रहा था। कोरबा-बिलासपुर के मध्य चलने वाली यह बस बारात के लिए बुक हुई थी। एक्टिवा सवार छात्र अचानक बस के सामने आ जाने से हड़बड़ा गया और बस से टकरा गया। गंभीर चोटें आने की वजह से मौके पर ही उसकी सांसे थम गई। हालांकि तत्काल उसे नजदीक के ही एक निजी अस्पताल में ले गए, जहां उसे चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृतक का चाचा बालको में असिस्टेंड मैनेजर के पद कार्यरत है। इस घटना की वजह से स्वजनों में दुख का पहाड़ टूट पड़ा। पुलिस बस चालक के विरूद्ध धारा 304 ए के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई कर रही है। लगातार सडक़ दुर्घटनाओं में हो रही मौत से क्षेत्र के लोगों में असंतोष देखा जा रहा।

जिला मुख्यालय से लगभग 90 किलोमीटर दूर कटघोरा- अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग में एक दिन पहले घटना हुई। पड़ोसी जिला सूरजपुर के प्रेमनगर अंतर्गत ग्राम हरिहरपुर निवासी श्यामकुमार 35 वर्ष व अपने भांजा कोटलाल उर्फ भोला 22 वर्ष के साथ मोपेड क्रमांक सीजी 29 एसी 3111 में सवार होकर कोरबा जिले के सरहदी गांव मोरगा के साप्ताहिक बाजार से खरीदारी कर दोनों अपनी मोपेड में वापस लौट रहे थे, दोनों गायमाड़ा गांव के पास पहुंचे थे। इसी दौरान अंबिकापुर की ओर से आ रही बोलेरो क्रमांक सीजी 19 बीडी 2757 से मोपेड की टक्कर हो गई। इस टक्कर में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए, वहीं गंभीर रूप से चोट लगने पर भांजा कोटलाल की घटनास्थल पर मौत हो गई, जबकि मामा श्याम कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। पोड़ी-उपरोड़ा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान उसकी भी मौत हो गई। घटना में पुलिस ने बोलेरो वाहन चालक के विरूद्ध मामला कायम कर जांच में लिया है।

# बस की खिड़की से सिर व हाथ बाहर निकालना बरातियों का पड़ा भारी, एक की मौत दो घायल

**जशपुर (आरएनएस)।** जिले में बारातियों से भरी बस को तेज रफ़्तार ट्रक ने रगड़ते हुए निकल गया। इस हादसे में बस की खिडक़ी से सिर और हाथ निकालकर बैठे लोग इसकी चपेट में आ गये तथा एक बाराती का सिर बुरी तरह से कट गया और उसकी मौत हो गई। वहीं दो लोगों के हाथ कट गये।

मिली जानकारी के अनुसार घटना जशपुर के पत्थलगांव थाना क्षेत्र की है। रायगढ़ के धरमजयगढ़ से एक बारात बलरामपुर गई हुई थी। शादी का कार्यक्रम होने के बाद बीती रात बारातियों से भरी बस वापस धरमजयगढ़ लौट रही थी। इसी दौरान जशपुर जिले के पत्थलगांव क्षेत्र के सुखरापारा के पास सामने से आ रही तेज रफ़्तार ट्रक चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए बस से रगड़ते हुए निकाल दिया। इस घटना में बस में बैठे तीन बाराती इसकी चपेट में आ गए। एक बाराती संजय तिवारी का सिर कट जाने से मौत हो गई वहीं दो बाराती अश्विन तिवारी और माधुरी का हाथ कट गया। इस घटना के बाद बस में चीख-पुकार मच गई। घायलों को गंभीर अवस्था में पत्थलगांव अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से बेहतर उपचार के लिए अंबिकापुर अस्पताल रिफर किया गया। बताया जा रहा है कि मृतक संजय बस की खिडक़ी में सिर रखकर सो रहा था। इसी दौरान ये हादसा हो गया। संजय कुछ समझ पाता इससे पहले ही वो ट्रक की चपेट में आ गया। घटना के बाद पुलिस ने ट्रक चालक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# 32 हाथियों का झुंड लौटा धरमजयगढ़

**कोरबा** | आरएनएस


जिले के कुदमुरा वनपरिक्षेत्र के कुदमुरा जंगल में चार दिनों से विचरण कर रहे है और धान फसल को रौदकर ग्रामीणों की मेहनत पर पानी फेरने वाला 32 हाथियों का झुड़ बीती रात मांड नदी को पार कर धरमजयगढ़ वनपरिक्षेत्र अंतर्गत सिथरा जंगल पहुंच गए। हाथियों ने जाने से पहले कुदमुरा वन परिक्षेत्र के तौलीपाली व कुदमुरा में जमकर उत्पात मचाया इस दौरान हाथियों ने ग्रामीणों के खेतो में पहुंच कर वहां लहलहा रहे धान की रबी फसल को रौंद दिया । जिससे ग्रामीणों को नुकसान उठाना पड़ा है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में मौजूद हाथियों के झुड़ ने रात 10 बजे के बाद मुवमेट किया और कुदमुरा में स्थित नदी को पार कर सिथरा जंगल पहुंच गया। हाथियों के बड़े झुड़ के अन्यंत्र जाने से वन अमले में कुछ राहत महसूस की है। लेकिन रेंज के ही गीतकु वांरी में 7 हाथी अभी भी डटे हुए है। हाथियों के क्षेत्र में लगातार जमे रहने से ग्रामीणों को खतरा बना हुआ है। हालाकि वन विभाग द्वारा हाथियों की लगातार निगरानी की जा रही है। उधर कटघोरा वन मंडल के केंदई रेंज में हाथी समस्या स्थाई समस्या बन गई है। यहां के जंगल में 49 हाथी कापा नवापारा व आसपास के क्षेत्र में विचरण कर रहे है। हाथियो का दल क भी नेशनल हाईवे पर आ जाता है तो कभी गांव में पहुंचक र उत्पात मचाता है। जिससे ग्रामीणों की परेशानी बढ़ रही है। और वें दहशत में है।



# बच्चों को अस्पताल में छोड़ लापता महिला ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**कोरबा** | आरएनएस

एमपी नगर वार्ड के अंतर्गत संचालित एक चाइल्ड केयर हॉस्पिटल में बच्चों को छोड़ रात को लापता हुई महिला की मौत हो गई । उसका शव निहारिका टॉकीज के नजदीक एक टपरे नुमा स्थान पर फंदे पर लटका मिला। मृतका प्रियंका बिंझवार भैंसामुड़ा की निवासी की संदिग्ध मौत पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है और आगे की जांच कर रही है।



उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम भैंसामुड़ा निवासी एक महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतका का शव निहारिका टॉकिज के बगल में टपरीनुमा होटल में फांसी के फंदे पर लटकता हुआ मिला है। मृतका प्रियंका बिंझवार कोरबा के डॉ हरीश नायक के अस्पताल में अपने बच्चों का उपचार 3 दिन से करवा रही थी। बताया जा रहा है,कि उसके नवजात शिशु की सेहत खराब थी। पिछली रात को अपने बच्चे को दूध पिलाने के बाद वह अचानक गायब हो गई। प्रियंका के पति अनूप सिंह ने बताया कि हमने उसे पहले अस्पताल में खोजा और फिर आसपास में तलाश की। इस कारी में अनूप की मां मेंहतरीन बिंझवार सहित अन्य परिजन शामिल थे । कई घंटे की तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चला तब उन लोगों ने आसपास के इलाके में ध्यान दिया। जिसके बाद सुबह उसकी लाश एक टपरे में फांसी के फंदे पर लटकते हुए पाई गई। सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई।

मृतका के पति अनूप सिंह का कहना है कि बच्चे की बीमारी को लेकर हम लोग परेशान थे और उसका उपचार कराया जा रहा था पत्नी के साथ किसी प्रकार का विवाद नहीं था। इसकी जानकारी घर और आसपास के लोगों को भली भांति है। इस प्रकार की परिस्थितियों होने पर भी प्रियंका ने खुदकुशी जैसा कदम क्यों उठाया यह उसकी समझ से परे हैं। यह मामला नव विवाहिता की मौत से जुड़ा हुआ है, इसलिए पुलिस ने कार्यपालक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में शव का पंचनामा कराया और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। डॉक्टर के पैनल के द्वारा यह प्रक्रिया पूरी की जाएगी। आगे रिपोर्ट और अन्य तथ्यों के आधार पर पुलिस इस मामले में जांच करेगी।

# पैसो के विवाद पर हुई थी हलवाई ठेकेदार की हत्या, तीन गिरफ्तार

**दुर्ग** | आरएनएस

मोहन नगर थानाक्षेत्र के गैंदी डबरी में शौचालय में मिली हलवाई ठेकेदार शेखर यादव की लाश के मामलें को पुलिस ने सुलझा लिया है। मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है जो कि मृतक के अधिन ही काम करते थे। आरोपियों ने पैसे के लेने-देन पर हुए विवाद के बाद शेखर यादव की हत्या कर दी थी तथा लाश का शौचालय में रख दिया था।

मिली जानकारी के अनुसार राधेश्याम यादव उर्फ बुद्ध पिता स्व राजुराम यादवने मोहन नगर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि गैंदी डबरी मोहन नगर शौचालय में एक व्यक्ति मृत अवस्था में पढ़ा है। सूचना पर थाना मोहन नगर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर धारा 174 जा.फ ौ. के तहत मामला कायम कर मृतक का शव जांच पंचनामा पश्चात पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था। मृतक की पहचान शेखर यादव उर्फ बंटी पिता रामलखन यादव उम्र 41 साल निवासी तितुरडीह नायापारा थाना मोहन नगर के रूप में हुई थी। मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक की हत्या होने की जानकारी मिलने के बाद अज्ञात व्यक्ति कि खिलाफ धारा 302 के तहत हत्या का मामला दर्ज कर 26.04.2024 को विवेचना में लिया गया। जांच के दौरान पुलिस को तीन संदेहयों की जानकारी मिली। जिसके बाद पुलिस ने संदेही राधेश्याम यादव उर्फ बुद्ध पिता स्व. राजुराम यादव उम्र 25 वर्ष कुआं चौक गैदी डबरी मोहन नगर, प्रकाश यादव उर्फ पप्पू पिता राजेश यादव उम्र 20 वर्ष पता कुआं चौक गैदी डबरी मोहन नगर तथा महावीर यादव उर्फ बातू पिता संतराम यादव उम्र 21 वर्ष पता कुआं चौक गैदी डबरी मोहन नगर दुर्ग को पकडक़र उनके पुछताछ की गई तो आरोपियों ने हत्या की बात स्वीकार कर ली। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि हलवाई ठेकेदार शेखर यादव उर्फ बंटी द्वारा काम का पूरा पैसा नही देने की बात को लेकर आरोपीगणो द्वारा एक राय होकर मृतक शेखर यादव उर्फ बंटी को शराब पिलाकर हाथ, मुक्का लातघुसा एवं बांस के डण्डा, एवं अन्य हथियार से चोट पहुंचाकर हत्या कर, हत्या को छुपाने के उद्देश्य से मृतक के शव को घटना स्थल गैंदी डबरी से शव को उठाकर शुलभ शौचालय के अंदर रख दिया और आरोपी राधेश्याम यादव उर्फ बुद्ध पिता स्व राजुराम यादव उम्र 25 वर्ष कुआं चौक गैदी डबरी मोहन नगर दुर्ग के द्वारा स्वयं थाना पहुंचना झूठा मर्ग रिपोर्ट दर्ज कराया। आरोपियो का यह कृत्य अपराध धारा का सबुत पाये जाने से प्रकरण में आरोपियो के विरूद्ध धारा 201, 120 (बी) भादवि जोड़ा गया।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

# बरमकेला में नववधुओं का किया गया मतदाता सम्मान

**सारंगढ़-बिलाईगढ़**

महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रभारी अधिकारी बृजेंद्र सिंह ठाकुर के नेतृत्व में नववधुओ को कुमकुम से मतदाता सम्मान किया गया। नववधुओ का ससुराल के मतदाता सूची में नाम जोड़कर यह सम्मान किया गया है। इस दौरान मेहंदी और रंगोली आदि का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर सामूहिक मतदाता शपथ दिलाया कि "हम, भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें |"। इसके साथ साथ सभी ने "सारंगढ़ बिलाईगढ़, सब्बो जाबो वोट दे हे बर" का नारा लगाया। इस अवसर पर बीएलओ, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका आदि उपस्थित थे।



# आकाश यादव ने शुरू किया अनिवार्य सेवा से डाकमत मतदान

कलेक्टर कार्यालय सारंगढ़ में स्थित डाकमत सुविधा केंद्र में अनिवार्य सेवा अंतर्गत फोटोग्राफर आकाश (परमेश्वर) यादव ने डाक मत से वोट की शुरुआत की। अनिवार्य सेवा के कर्मियों के लिए कलेक्टर कार्यालय परिसर सारंगढ़ में डाक मत पत्र से मतदान करने की सुविधा 6 मई 2024 तक है। जिला प्रशासन द्वारा इस कड़ी में स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय सारंगढ़ में 28 अप्रैल को शासकीय अधिकारी, कर्मचारी के लिए डाक मत पत्र से वोट देने का सुविधा है। पुलिस (गृह) विभाग के अधिकारी कर्मचारी के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय सारंगढ़ में 29 और 30 अप्रैल 2024 को यह सुविधा है। सभी स्थानों में यह सुविधा सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक है। उल्लेखनीय है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार निर्वाचन कर्तव्य पर अधिकारी, कर्मचारी, अनिवार्य सेवा श्रेणी के मतदाताओं तथा अनुपस्थित मतदाताओं को डाक मत पत्र के माध्यम से सुविधा केंद्र में मतदान करने का प्रावधान है।